दिल्ली में अगले छह-सात दिन बारिश की संभावना नहीं: आईएमडी

नई दिल्ली (एजेंसी) राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम है। वहीं, अगले छह-सात दिन बारिश होने के कोई आसार नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आज अधिकतम तापमान करीब 36 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

सुबह साढ़े आठ बजे तक सापेक्षिक आर्द्रता 66 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दिन में तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। साथ ही अगले छह-सात दिन बारिश होने के कोई आसार नहीं हैं क्योंकि मानसून का दबाव क्षेत्र हिमालय के तराई क्षेत्र की दिशा में बढ़ रहा है।

दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बुधवार को 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से प्राप्त आंकड़े के अनुसार दिल्ली में सुबह आठ बजे तक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 124 था। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 और 100 के बीच एक्यूआई 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच एक्यूआई 'सामान्य', 201 और 300 के बीच एक्यूआई 'खराब', 301 और 400 के बीच एक्यूआई 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' की श्रेणी में आता है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान मंगलवार को क्रमशः 35.8 डिग्री सेल्सियस और 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एम जे अकबर की अपील पर रमानी से जवाब मांगा

नई दिल्ली (एजेंसी) दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एम जे अकबर की अपील पर पत्रकार प्रिया रमानी से बुधवार को जवाब मांगा। अकबर ने यौन शोषण के आरोपों को लेकर दायर आपराधिक मानहानि मामले में रमानी को बरी करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील दायर की है।

न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने अपील पर रमानी को नोटिस जारी किया और इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 13 जनवरी की तारीख निर्धारित की। अकबर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं-राजीव नायर और गीता लुथरा ने दलील दी कि निचली अदालत ने गलत तरीके से रमानी को बरी किया जबकि उसने यह निष्कर्ष दिया था कि उनके आरोप मानहानिकारक थे।

लुथरा ने कहा कि निचली अदालत ने सुनवाई के दौरान उठाई गई आपत्तियों पर विचार किए बिना फैसला दिया। अकबर ने निचली अदालत के 17 फरवरी के आदेश को चुनौती दी है जिसमें रमानी को इस आधार पर बरी कर दिया गया था कि किसी महिला को दशकों बाद भी अपनी पसंद के किसी भी मंच के सामने शिकायत रखने का अधिकार है। निचली अदालत ने अकबर द्वारा दायर शिकायत को खारिज करते हुए कहा था कि रमानी के खिलाफकोई आरोप साबित नहीं हुआ।

गौरतलब है कि 'मीटू' अभियान के तहत 2018 में रमानी ने अकबर के खिलाफयौन शोषण के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि यह घटना करीब 20 साल पहले की है जब अकबर पत्रकार थे और वह उनके मातहत काम करती थीं। अकबर ने 15 अक्टूबर 2018 को रमानी के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने 17 अक्टूबर 2018 को केंद्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

पिंकी चौधरी की तलाश में पांच ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली (एजेंसी) वकील अश्विनी उपाध्याय समेत छह लोगों को गिरफ्तारी के बाद भूपेंद्र उर्फपिंकी चौधरी की तलाश में दिल्ली पुलिस ने उसके गाजियाबाद स्थित पांच ठिकानों पर मंगलवार रात छापेमारी की, लेकिन कोई

सम्पादकीय...

ओपन सर्च

अफ़ग़ानिस्तान के बिगड़ते हालात और भारत

दुनिया में लगता है शांति संभव नहीं है। ग्लोबल स्तर पर युद्ध की अशांति फैली हुई है। बुद्ध का रास्ता कहीं नहीं दिख रहा है। शक्तिशाली स्थितियां निर्बल को कमजोर बना रही हैं। दुनिया की सारी शक्तियां कुछ देशों के साथ सिमट कर रह गई हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसी संस्थाएं बेमतलब साबित हो रही हैं। भारत के पड़ोसी मुल्क अफ़ग़ानिस्तान में अशांति फैली है। तालिबान की वजह से लोग शरणार्थी शिविरों में रहने को बाध्य हैं। हजारों की संख्या में रोज पलायन हो रहा है। तालिबान निर्दोष लोगों का कत्लेआम कर रहा है। जिसमें सेना, शिक्षाविद, पत्रकार, साहित्यकार और दूसरे तमाम लोग शामिल हैं। हजारों निर्दोष जंग में शहीद हो चुके हैं। अफ़ग़ानिस्तान जैसा संप्रभु मुल्क अशांत है। दुनिया शांत होकर इस युद्ध को देख रही है। फिलिस्तीन और इजरायल की तरह युद्ध में बेगुनाह और बेजुबान लोग मारे जा रहे हैं। मानवीय अधिकारों का खुला हनन हो रहा है।

तालिबान दुनिया के शक्तिशाली देशों को चुनौती दे रहा है। जबकि तालिबानी जिहादियों को भारत का पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान खाद-पानी दे रहा है। अफ़ग़ानिस्तान में कब शांति लौटेगी अपने आप में यह बड़ा सवाल है। गुटों में विभाजित वैश्विक शक्तियां जानबूझकर इस खेल पर मौन हैं। अफ़ग़ानिस्तान में बिगड़ती स्थितियों को लेकर रूस ने चिंता जाहिर की है। शुभ संकेत मिले हैं कि इस मसले पर अमेरिका, चीन और रूस के साथ पाकिस्तान को एक बैठक कतर में होनी है। जिसमें अफ़ग़ानिस्तान की स्थिति पर विचार किया जाएगा। हालांकि इस बैठक में भारत को शामिल नहीं किया गया है। क्योंकि रूस की निगाह में तालिबान पर भारत का कोई असर नहीं है। इस

> अफ़ग़ानिस्तान जैसा संप्रभु मुल्क अशांत है। दुनिया शांत होकर इस युद्ध को देख रही है। फिलिस्तीन और इजरायल

बुनियादी संरचना का खौफ

भरत झुनझुनवाला

मेरे समेत तमाम अर्थशास्त्रियों का मानना रहा है कि देश के आर्थिक विकास के लिए हमें बुनियादी संरचना को सही करना होगा, जैसे हाईवे, विद्युत, इंटरनेट इत्यादि को। सड़क सही नहीं होती है तो व्यापार नहीं पनपता है। अध्ययनों में पाया गया है कि ग्राम विकास के लिए सबसे अधिक प्रभावी निवेश पक्की सड़क में होता है। सड़क उपलब्ध हो जाने से गांव के लोग अपने माल को आसानी से शहर तक ले जाकर बेच सकते हैं और गांव का विकास होने लगता है। वर्तमान एनडीए सरकार ने बुनियादी संरचना में निवेश में भारी प्रगति की है, विशेषकर हाईवे और जलमार्ग में।

सरकार के पूंजी निवेश में बुनियादी संरचना प्रमुख हिस्सा होता है। पिछले वर्ष 2020-21 में केंद्र सरकार ने 4.39 लाख करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया था जो वर्तमान वर्ष 2021-22 में 5.54 लाख करोड़ होने का अनुमान है। इसमें 29 प्रतिशत की भारी वृद्धि की गई है। फिर प्रश्न उठता है कि बुनियादी संरचना में इतने निवेश के बावजूद एनडीए सरकार के ही पिछले 6 वर्षों में हमारी आर्थिक विकास दर लगातार गिर क्यों रही है? इसका कारण संभवतः यह है कि हम गलत बुनियादी संरचना में निवेश कर रहे हैं, जैसे मरीज को दवा देना जरूरी होता है, लेकिन गलत दवा देने से नुकसान हो जाता है। यह बात मैं आपके सामने कुछ उदाहरणों से रखना चाहता हूं। पहला उदाहरण शहर में फुटओवर ब्रिज का लें। चौराहे पर पैदल यात्रियों के लिए फुटओवर ब्रिज बना दिया जाता है। इससे आम आदमी पर नकारात्मक पड़ता है। इतना अवश्य है कि उसके द्वारा भी बाजार से खरीदी जाने वालों वस्तुओं के दाम में गिरावट आती है।

है। लेकिन अंत में आम आदमी पर फुटओवर ब्रिज का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जबकि उच्च वर्ग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसका उपाय यह है कि फुटओवर ब्रिज के साथ स्वचालित एस्केलेटर लगाया जाए जिससे कि आम आदमी के समय की बर्बादी न हो और एस्केलेटर चलाने का खर्च नीचे दौड़ने वाली कार से वसूल किया जाए। दूसरा उदाहरण हाईवे का लें। हाईवे पर गाड़ी बिना व्यवधान के दौड़ सके, इसलिए दोनों तरफ तार लगा दिए

खाले माल का ढुलाई खर्च कम हो जाता है। लेकिन ट्रक पर ढुलाई किए जाने वाले माल की खपत मेरे अनुमान से 80 प्रतिशत उच्च वर्ग द्वारा ही की जाती है। साथ-साथ हाईवे बनाने में जो सीमेंट, स्टील और मशीन का उपयोग किया जाता है, वह भी बड़ी कंपनियां ही सप्लाई करती हैं। हाईवे का अंतिम परिणाम आम आदमी पर नकारात्मक पड़ता है।

उसकी भरपाई कस्बे की अच्छी सड़क से हो जाए। तीसरा उदाहरण जलमार्ग का लीजिए। जलमार्ग बनाने से नदी पर बड़े जहाज चलने लगते हैं और मछुआरों का धंधा समाप्तप्राय हो जाता है। छोटे नाविक का धंधा भी कमजोर पड़ जाता है। इसके विपरीत जलमार्ग से कोयले आदि माल की ढुलाई की लागत कम हो जाती है। कोयले से उत्पादित बिजली की भी लागत कम हो जाती है। लेकिन उस बिजली की खपत भी एल्युमिनियम जैसे उद्योगों और बड़े

पड़े। चौथा उदाहरण खनिज के खनन का लें। आज तमाम खनिज हमारे जंगलों के नीचे दबे पड़े हैं। इन्हें निकालने के लिए उनके ऊपर के जंगलों को काटा जाता है। इससे स्थानीय लोगों को महुए के फूल, चिरौंजी के दाने, तेंदू पत्ता इत्यादि सभी नष्ट हो जाते हैं। आम आदमी को आय में गिरावट आती है। खदान से जो खनिज निकाले जाते हैं लोहा, एल्युमिनियम अथवा तांबा इत्यादि जो माल बनाया जाता है, उसकी खपत भी उच्च वर्ग ही ज्यादा करते हैं। अंतिम परिणाम आम आदमी के लिए नकारात्मक और उच्च वर्ग के लिए सकारात्मक होता है। इसका उपाय यह है कि जंगल काटने से पहले आम आदमी को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए, और खदान करने के बाद उस भूमि पर पुनः जंगल को लगाया जाए। तब आम आदमी पर महुए, चिरौंजी, तेंदू पत्ता इत्यादि के समाप्त होने से पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव की भरपाई हो जाएगी।

पांचवां उदाहरण 5जी इंटरनेट का लें। आम आदमी के लिए 4जी पर्याप्त है। उसके बच्चे को ऑनलाइन क्लास में सम्मिलित होना होता है अथवा उसे बगल के शहर में फसल के मूल्य की जानकारी की जरूरत होती है। लेकिन 5जी इंटरनेट से भारी मात्रा में सूचना का आदान-प्रदान आसान हो जाता है। जैसे डाटा एनालिसिस करने वालों का कार्य सुलभ हो जाता है। अतः 5जी इंटरनेट से उच्च वर्ग को अधिक लाभ होता है।

इसका विकल्प यह है कि 5जी के साथ-साथ 4जी इंटरनेट की सुविधा को सबको उपलब्ध कराया जाए और आम आदमी को मुफ्त वाईफाई उपलब्ध कराया जाए। मात्र

सुबह होते ही डल गए झूले, हरियाली तीज पर सजी-धजी नजर आई महिलाए

हिसार (एजेंसी) सावन के महीने में हरियाली तीज का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। हरियाली तीज के दिन सब जगह एक अलग ही रौनक होती है। आज हरियाली तीज है और हरियाणा में हर जगह अलग ही माहौल

दिखा रही हैं। हरियाली तीज पर कोरोना काल होने के चलते इस बार बाकी सालों की तुलना में तो रौनक कम है मगर फिर भी त्योहार का माहौल जरूर नजर आया है। सुबह होते ही गांव शहरों में झूलों पर झूलते बच्चे और महिलाएं नजर आई। झूला झूलने को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। गांवों में तालाब किनारे पेड़ों पर झूले डले हुए

कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसान आंदोलनकारियों पर भारी तिरंगा यात्रा, हरियाणा में क्या हुआ असर

पंचकुला (एजेंसी)

हरियाणा में किसान संगठन पिछले आठ माह से तीन कृषि कानूनों को रद कराने की अनावश्यक जिद पर अड़े है। इन आठ माह में खूब उपद्रव हुए। अराजक एवं हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया, लेकिन भाजपा ने तिरंगा यात्राएं निकालकर न केवल आंदोलनकारियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया, बल्कि पूरे प्रदेश में देशप्रेम की लौ जगा

खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे झंडे-बैनर थे तो भाजपा की तिरंगा यात्राओं में भारत माता की जय लिखे नारे हैं। हरियाणा सरकार यदि चाहती तो इन किसान संगठनों के अराजक मंसूबों पर समय रहते शिकंजा कस सकती थी, लेकिन प्रदेश सरकार उनके विरुद्ध किसी तरह की कार्रवाई कर उन्हें गनपने का मौका नहीं देना चाहती थी। सरकार की इस नरमी को किसान संगठनों ने कमजोरी मान लिया।

स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा और कविता जैन के नेतृत्व में निकली इन तिरंगा यात्राओं से ऐसा माहौल बना कि आंदोलनकारी बैकफुट पर आते दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विधानसभा क्षेत्र करनाल में भी तिरंगा यात्र निकल चुकी है। भाजपा सांसदों, मंत्रियों और विधायकों द्वारा निकाली जा रही इन यात्राओं का सकारात्मक असर उसके सहयोगी दल जजपा पर भी पड़ा है।

एक नज़र

लालू यादव ने दी जनगणना के बहिष्कार की धमकी, बिहार में तेजस्वी यादव ने जाति के मसले पर कसा तंज

पटना (एजेंसी) । बिहार में प्रमुख विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने जाति और आरक्षण के मसले को लेकर आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने जाति आधारित जनगणना नहीं होने की स्थिति में इसका बहिष्कार करने की धमकी दे दी है तो तेजस्वी यादव ने केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार इससे डर क्यों रही है राजद के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत पर निशाना साधा गया है। बुधवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के अलावा पार्टी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ताबड़तोड़ ट्वीट कर इसका साफ संकेत दे दिया गया कि पार्टी एक बार फिर से मंडल की राजनीति पर खुल कर चलने का इरादा कर लिया है। लालू ने कहा कि अगर 2021 जनगणना में जातियों की गणना नहीं होगी तो बिहार के अलावा देश के सभी पिछड़े-अतिपिछड़ों के साथ दलित और अल्पसंख्यक भी गणना का बहिष्कार कर सकते हैं। देश की बहुसंख्यक आबादी का जब जनगणना से भला नहीं हो रहा है तो फिर जानवरों की गणना वाले आंकड़ों का अचार थोड़े ही डालेंगे। इधर, तेजस्वी ने कहा कि केंद्र सरकार जाति आधारित जनगणना से इसलिए डर रही है कि पिछड़ी जातियों की वास्तविक संख्या सामने आने पर यह पता चल जाएगा कि कैसे मुट्ठी भर लोग सत्ता, देश के संस्थान और संसाधनों पर कुंडली मार कर बैठे हैं। इधर, राजद के अकाउंट से ट्वीट कर आरक्षण के मसले पर आरएसएस की आलोचना करते हुए इसे मुट्ठी भर चितपावन ब्राह्मणों का जातिवादी संगठन बताया गया है। राजद ने कहा है कि इस संगठन की औकात नहीं है कि बैक डोर से आरक्षण बंद कर दे। मोहन भागवत एक बार बयान देकर देख चुके हैं कि इसका हश्र क्या होगा। आपको बता दें कि आरएसएस के जनरल सेक्रेटरी दत्तात्रेय होसबोले ने कहा था कि वे खुद और उनका संगठन आरक्षण का समर्थन करता है।

जगदानंद सिंह को हम में शामिल होने का न्योता, प्रवक्ता ने कहा-हम करेंगे सम्मान

पटना (एजेंसी) । राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह और तेजप्रताप यादव के बीच चल रहा विवाद अब सतह पर आ गया है। तेजप्रताप के बयान से खिन्न होकर राजद प्रदेश अध्यक्ष अज्ञातवास पर चले गए हैं। वे किसी से मिल भी नहीं रहे हैं। इस बीच हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय प्रवक्ता दानिश रिजवान ने राजद के वरिष्ठ नेता को अपनी पार्टी में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। दानिश रिजवान ने कहा है कि जगदाबाबू के अपमान को लेकर अब गली-चौराहे पर चर्चा होने लगी है। लेकिन उनके जैसे वरिष्ठ नेता के साथ इस तरह का व्यवहार काफी निंदनीय है। हम चाहते हैं और निमंत्रण देते हैं कि वे हमारी पार्टी में शामिल हों।

मुंगेर में पहाड़ से जमीन पर 200 परिवारों को मिली शरण पर सुविधा देना भूल गई सरकार, इस तरह कर रहे गुजर-बसर

धरहरा (मुंगेर) (एजेंसी) । जिले के नक्सल प्रभावित धरहरा प्रखंड का पैसरा गांव पहाड़ की तलहटी में बसा था। वहां दो सौ आदिवासी परिवार रहते थे। इन लोगों को पुलिस के साथ-साथ नक्सली भी तंग करते थे। इसके बाद वर्ष 2015 में तत्कालीन डीआइजी वरुण सिन्हा ने सभी को पहाड़ की तलहटी से हटाकर वन विभाग की जमीन पर बसा दिया।

इस गांव का नाम न्यू पैसरा दिया गया। लोग वहां कच्चे मकान बनाकर रह रहे हैं, लेकिन छह वर्ष बाद भी सरकार की ओर से उस गांव को आवश्यक सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है।

छह वर्ष पहले आदिवासी समुदाय के दो सौ परिवार को पैसरा पहाड़ से वन विभाग की जमीन पर बसाया गया। आवास और दूसरी सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं न्यू पैसरा गांव, आवास योजना का नहीं मिला है लाभ न्यू पैसरा गांव में पीने के पानी लिए एक चापाकल तक नहीं है। गांव तक आने-जाने के लिए सड़क जर्जर नहीं है। किसी को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर वन विभाग की जमीन पर बसे न्यू पैसरा गांव पहुंचते ही विकास और वायदों का तिलिस्म टूटता नजर आता है। यहां झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे आदिवासी समुदाय के लोग और पेड़ की छांव में खेलते कूदते बच्चे दिख जाते हैं।

न्यू पैसरा गांव के लोगों ने बताया कि पहले सभी लोग पैसरा पहाड़ पर रहते थे। कभी नक्सलियों का दस्ता पहुंचकर घर का सामान इधर-उधर फेंक देते थे, तो कभी घर पर पका खाना चखकर जाते थे। सर्च आपरेशन व पूछताछ के नाम पर पुलिस के जवान तंग करते थे। ग्रामीण का तक कोड़ा, बबलू कोड़ा, गोलू कोड़ा, गरीब कोड़ा, कौशल कोड़ा, पाथो देवी, सोना देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, रूबी देवी आदि ने कहा कि उस समय हम लोग से कहा गया कि पहाड़ के नीचे बसने पर आवास योजना से सभी को पक्के का घर बना दिया जाएगा। पेयजल और बच्चों के पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। सभी को रोजगार मुहैया कराया जाएगा।

अधिकारियों ने आश्वासन दिया था, अबतक वैसी सुविधा नहीं मिली है। न्यू पैसरा में बिजली पहुंच गई है। ग्रामीण कौशल कोड़ा ने बताया कि आवास योजना के लिए वासगीत का पर्चा नहीं दिया गया है। प्रखंड कार्यालय में ग्रामीण जब बड़ा बाबू से योजना संबंधित बात करते हैं तो वासगीत पर्चा मांगा जाता है। ऐसे में लोगों को आवास योजना का लाभ मिलेगा। पूर्व मुखिया ने छह चापाकल लगाए थे, अभी पांच खराब है। 200 की आबादी में सौ से ज्यादा लोगों के पास वोटर कार्ड भी है। चुनाव में वोटिंग करते हैं। कई का आधार भी बना हुआ है। किसी की तबीयत खराब होती है तो 10 किलोमीटर दूर धरहरा जाना पड़ता है। पहले यह लोग पैसरा पहाड़ पर रहते थे, बाद में वन विभाग की जमीन रहने के लिए दिया गया। गांव का नाम न्यू पैसरा कर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 लोगों को आवास योजना की स्वीकृति मिली है। जमीन का पर्चा नहीं होने से योजना के लाभ से वंचित है। वन विभाग जमीन का अनापत्ति पत्र दे दें तो बात बन सकती है।

बिहार के पूर्वी चंपारण में पत्रकार की निर्मम हत्या: अगवा कर आंख निकाली, फिर गला रेत कर फेंक दिया शव

पूर्वी चंपारण (एजेंसी) । बिहार के पूर्वी चंपारण में एक न्यूज चैनल के युवा पत्रकार मनीष कुमार सिंह की निर्मम हत्या कर दी गई। शव को देखने से प्रतीत होता है कि हत्या के पहले उसे यातनाएं भी दी गई। अपराधियों ने उसे अगवा कर आंख निकाली, फिर गला रेत कर मार डाला। इसके बाद शव को फेंक कर भाग गए। इस सिलसिले में मृतक के पिता ने उसके दो दोस्तों सहित 17 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई है। मृतक के पिता के अनुसार घटना का एक कारण खबरों को लेकर दुश्मनी भी है। पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मठ लोहिंयार चौक से शनिवार की रात से लापता सुदर्शन न्यूज चैनल के पत्रकार मनीष कुमार के बारे में डीएसपी के अनुसार शनिवार के वीडियो फुटेज में मनीष के साथ दो दोस्त अमरेंद्र कुमार और अमजद आलम थे। बाद में दोनों घर चले गए और मनीष लापता हो गया। इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मनीष का बैग अमरेंद्र कुमार के घर से मिला। अरेराज के पहाड़पुर की गई। उन्होंने बेटे की हत्या के मामले में उसके दोस्तों अमरेंद्र कुमार और अरशद आलम सहित 13 लोगों को नामजद किया है। उधर, घटना से आक्रोशित स्वजनों और ग्रामीण ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। वे ग्रामीण एसपी को बुलाने, सभी आरोपितों की गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल

मछली मारने का विरोध करने पर दरवाजा खुलवाया और सीने में मार दी गोली, नालंदा जिले की घटना

नालंदा (एजेंसी)। घर के निकट मछली मारने से मना करने की मामूली सी बात पर हुई कहासुनी से नाराज बदमाशों ने मंगलवार की रात एकंगरसराय में मदन प्रसाद यादव की हत्या उनके दरवाजे पर ही कर दी। दरवाजा खोलवा कर उनके सीने में गोली मारी गई, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।। वे 45 वर्ष के थे। वे स्थानीय खानपुर गांव के मूल बाशिन्दे थे। पिछले कई साल से एकंगरसराय में पशु अस्पताल के सामने अपने मकान में खटाल चलाते थे। मदन की हत्या कर भाग रहे बदमाशों में से एक युवक को गश्त पर रही थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर दो अन्य की गिरफ्तारी कुछ देर बाद हुई।बदमाशों ने थाना पुलिस के समक्ष जुर्म कबूल कर लिया है। हिलसा डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देसी कट्टा एवं बदमाशों का फरसा बरामद कर लिया है। कांड में शामिल तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पत्नी वक्त गश्त करते हुए हिलसा थाने की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे। पुलिस टीम को देख बदमाश पशु अस्पताल परिसर में जा छुपे। उन लोगों को पुलिस ने खदेड़ा तो एक युवक पकड़ में आ गया। इसी बीच हिलसा के पुलिस उपाधीक्षक कृष्ण मुरारी प्रसाद एवं थानाध्यक्ष संतोष कुमार घटना स्थल पर पहुंच गए और हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं फरसा बरामद किया। गिरफ्तार बदमाश से कड़ाई से

राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाने के फैसले को प्रशंसकों ने सराहा

नई दिल्ली (एजेंसी) । भारत में भाला फेंक इवेंट अबतक ट्रैक और फील्ड स्पोर्ट में भले ही प्रसिद्ध नहीं रहा हो लेकिन नीरज चोपड़ा के टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रति वर्ष सात अगस्त को राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाने के फैसले को प्रशंसकों ने सराहा है। प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर एएफआई के फैसले को ग्राउंड ब्रेकिंग करार दिया जबकि अन्य ने कहा कि इससे युवा पीढ़ी को उपलब्धि हासिल करने में मदद मिलेगी। एक प्रशंसक ने ट्वीट कर कहा, एएफआई के हर साल देश भर में भाला फेंक प्रतियोगिता कराने का फैसला शानदार है और यह ग्राउंड ब्रेकिंग होगा। अन्य प्रशंसक ने लिखा, यह अच्छा फैसला है और सभी को इसका समर्थन करना चाहिए। इससे युवा पीढ़ी को अधिक उपलब्धि हासिल करने में मदद मिलेगी। मंगलवार को एएफआई ने नीरज के सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की थी कि हर साल सात अगस्त को राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाया जाएगा और इस दिन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। एएफआई के प्लानिंग समिति के चीयरमैन ललित भनोत ने कहा था, हम नीरज की जीत के उपलक्ष्य में हर साल सात अगस्त को राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाएंगे। हमारे सभी संबंधित इकाईया इस दिन हर राज्य में भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित करेंगी। 23 वर्षीय नीरज ने कहा कि वह इस घोषणा से काफी खुश है।

नीरज चोपड़ा बोले- आने वाला समय भारतीय एथलेटिक्स के लिए काफी शानदार रहेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओलिंपिक इतिहास में भारत को एथलेटिक्स में एकमात्र पदक स्वर्ण के रूप में दिलाने वाले नीरज चोपड़ा का मानना है कि अब आने वाला समय भारतीय एथलेटिक्स के लिए काफी शानदार रहेगा। ओलिंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद नीरज चोपड़ा से दैनिक जागरण ने खास बातचीत की। पेश है प्रमुख अंश भारत के लिए एथलेटिक्स में पहला पदक स्वर्ण के रूप में जीतना, इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करके कैसा लग रहा है? यह पदक आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है? भारत के लिए एथलेटिक्स का

और फिर महामारी भी आ गई। इन तमाम समस्याओं के बाद अब कैसा महसूस हो रहा है? जी बिलकुल, 2019 में चोट लग गई थी और उसके बाद 2020 में कोरोना महामारी आ गई तो ट्रेनिंग और प्रतियोगिताएं इतनी नहीं मिल रही थीं, लेकिन इन सबके बाद भी मैंने अपना ओलिंपिक में पदक जीतने का सुनहरा सपना पूरा कर लिया है तो इसके आगे कितनी भी कठिनाई क्यों ना आ जाए। उनका कुछ पता नहीं चलता। मेरी मेहनत सफल हो गई। फाइनल से पहले आपके कोच क्लाउस ने आपको क्या बताया?

द. अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा विंडीज

एंटीगा (एजेंसी) । वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के बीच 31 अगस्त से यहां तीन मैचों की टी20 और पांच मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। पाकिस्तान के साथ पिछले महीने हुई सफल सीमित ओवरों की सीरीज के बाद वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों के मैचों की मेजबानी की घोषणा की है।

आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर्स की तैयारियों को देखते हुए यह सीरीज काफी अहम होगी। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के लिए यह सीरीज अपने खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा का

लुकाछिपी खेलते दिखे विकी कौशल और कटरीना कैफ ऐक्टर को देख सीढ़ी पर छिपी नजर आ रहीं ऐक्ट्रेस

कटरीना कैफ और विकी कौशल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों 'हाइड एंड सीक' खेलते नजर आ रहे हैं। दरअसल, इस वीडियो पर ऐसा कॉमेंट्स फैन्स दे रहे हैं, जिसमें हैं तो बहुत सारे ऐक्टर्स लेकिन सबकी नजरें विकी और कटरीना पर ठहर जा रहीं। बता दें कि बीती रात सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की फिल्म 'शेरशाह' की स्क्रीनिंग रखी गई थी। कोरोना लॉकडाउन के बाद लंबे समय के बाद ऐसा मौका आया, जहां ढेर सारे सितारे शामिल हुए। सितारों की इस भीड़ में कटरीना कैफ और विकी कौशल भी शामिल हुए। प्रीमियर के बाद जो इनलोग कैमरे में कैद हुई है, उसे लेकर एक बार फिर से विकी और कटरीना कैफ की जोड़ी को लेकर बातें करने लगे हैं लोग। यह वीडियो सिलेब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने शेयर किया है, जिसमें फिल्म के प्रीमियर के बाद मास्क लगाकर पहले विकी कौशल निकलते दिख रहे हैं। वीडियो में जैसे ही विकी की नजर कैट पर पड़ती है वह सीढ़ियों पर पीछे हटकर रुक जाती हैं। इस क्लिप को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे विकी ने उन्हें कुछ इशारा किया हो और वह रुक गईं। वीडियो में कटरीना सीढ़ियों पर कुछ मिनट तक छिपकर देखती नजर आती हैं। इसके बाद वह अपनी बहन इजाबेल कैफ के साथ आगे बढ़ती हैं। अब इस वीडियो पर फैन्स कॉमेंट किए बगैर नहीं रुक रहे। एक ने लिखा है, 'विकी कटरीना ने मेरा दिल चुरा लिया। क्या डिग्निटी और क्लास है।' एक ने उन्हें बॉलिवुड की सबसे खूबसूरत जोड़ी बताई है। एक ने कहा है- विक्की और कैट हाइड एंड सीक खेल रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है- किसी ने



सिद्धार्थ, कियारा

ने आई-डे स्पेशल में इंडियन आइडल 12 के फाइनलिस्ट का उत्साह बढ़ाया

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इंडियन आइडल सीजन 12 के आखिरी एपिसोड में मुख्य अतिथि होंगे। स्वतंत्रता दिवस को समर्पित प्रदर्शनों की एक सीरीज के साथ, सिद्धार्थ और कियारा अपनी आगामी फिल्म शेरशाह का प्रचार करते हुए भी दिखाई देंगे। अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा कहते हैं कि यह आश्चर्यजनक है कि इंडियन आइडल सीजन 12 का आखिरी एपिसोड 12 घंटे लंबा है। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि मेरी मां और दादी सहित मेरा पूरा परिवार इस शो के प्रशंसक हैं और वे अंतिम एपिसोड के लिए बहुत उत्साहित हैं। मैं सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं और प्यार

श्वेता तिवारी की बेटी पलक की पहली फिल्म 'रोजी' का टीजर, डरा रहीं काजोल की बहन तनीषा

श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी की डेब्यू फिल्म 'रोजी: द सैफरन चैप्टर' का नया टीजर सामने आया है। पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर किया है, जिसमें काफी डरावने माहौल के बीच एक लड़की की मौजूदगी नजर आ रही है। इस वीडियो क्लिप में काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी नजर आ रही हैं। इस क्लिप में तनीषा को जितना और जिस अंदाज में दिखाया गया है वह सस्पेंस दर्शकों को सुपर एक्साइटेड कर रहा। टीजर का बैकग्राउंड म्यूजिक काफी डराने वाला है। इससे पहले शेयर किए टीजर में अरबाज खान का फर्स्ट लुक जारी किया गया था। हालांकि, अभी तक इस फिल्म में पलक के किरदार का कोई वीडियो क्लिप नहीं दिखाया गया है। बता दें कि यह फिल्म 'रोजी: द सैफरन चैप्टर' एक हॉरर और सस्पेंस से भरी कहानी है। यह फिल्म गुरुग्राम की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जो 'रोजी' के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में पलक रोजी के किरदार में नजर आनेवाली हैं। रोजी जो सैफरॉन बीपीओ के कर्मचारियों में से एक है और बताया जाता है कि उसपर भूत-प्रेत का साया है। इस फिल्म से पलक तिवारी का पोस्टर सामने आ चुका है, जिसमें वह काफी ग्लैमरिंग नजर आ रही हैं। इस पोस्टर में पलक के कानों पर हेडफोन लगा है, आंखें लाल हैं और वह कुर्सी पर बैठी हुई पलटकर देखती नजर आ रही हैं। तनक तिवारी फिल्म 'रोजी: द सैफरन चैप्टर' से बॉलिवुड में एंट्री करने जा रही हैं।

जेनिफर एनिस्टन फ्रेंड्स के सह-कलाकार डेविड श्विमर को डेट कर रही हैं?

फ्रेंड्स के सह-कलाकार जेनिफर एनिस्टन और डेविड श्विमर के डेटिंग की अफवाह उड़ रही है। कुछ महीने पहले फ्रेंड्स: द रीयूनियन के दौरान जब